# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (11 जनवरी)

- तीन तलाक को लेकर सरकार फिर से जारी कर रही है अध्यादेश; संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक पारित नहीं होने के कारण 20 सितंबर को जारी हुआ अध्यादेश समाप्त हो गया था; अध्यादेश लाने के बाद इसे आने वाले संसदीय सत्र में ही पेश करना होता है, वरना छह माह बाद यह अपने आप हो जाता है समाप्त; लोकसभा से पारित होने के बाद राज्यसभा में लंबित है तीन तलाक विधेयक
- सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के दो दिन बाद ही प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने CBI निदेशक आलोक वर्मा को पद से हटाया; अग्निशमन विभाग के महानिदेशक बनाए गए; 77 दिन बाद दोबारा संभाला था पदभार; 31 जनवरी को होने वाले हैं रिटायर; प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश के प्रतिनिधि जिस्टिस सीकरी ने दिया हटाने के पक्ष में फैसला; सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने किया विरोध; CBI प्रमुख का चयन करने वाली तीन सदस्यीय समिति से एक सप्ताह में आलोक वर्मा के पद पर बने रहने के बारे में फैसला करने के लिये कहा था सुप्रीम कोर्ट ने
- GST काउंसिल की 32वीं बैठक में लिये गए कई अहम फैसले; 40 लाख तक टर्नओवर वाले कारोबारी नहीं होंगे GST में शामिल; पूर्वोत्तर तथा अन्य छोटे राज्यों के लिये यह सीमा 20 लाख रुपए; कंपोज़ीशन योजना का लाभ उठाने के लिये सालाना कारोबार सीमा एक करोड़ से बढ़ाकर डेढ़ करोड़ रुपए हुई; 1 अप्रैल से लागू होंगे ये फैसले; GST परिषद में रियल एस्टेट तथा लॉटरी पर GST को लेकर मतभेद सामने आने के बाद इसके लिये बनाया गया मंत्रियों का समूह
- के. कस्तूरीरंगन की अगुवाई वाली 9 सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में की देशभर में कक्षा 8 तक के लिये हिंदी विषय को अनिवार्य बनाने की सिफारिश; मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने किया खंडन; त्रि-भाषायी फॉर्मूला, पूरे देश में विज्ञान और गणित का एक जैसा सिलेबस, जनजातीय समूहों के लिये अलग देवनागरी उपभाषा और कौशल आधारित शिक्षा जैसी सिफारिशें भी शामिल
- 'यूथ फॉर इक्वेलिटी' ने सामान्य वर्ग के गरीबों को नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़े विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती; विधेयक को निरस्त करने की अपील; इंदिरा साहनी केस का दिया हवाला...सिर्फ आर्थिक आधार पर नहीं दिया जा सकता आरक्षण; सुप्रीम कोर्ट के पूर्व में दिये फैसले का उल्लंघन करता है यह विधेयक
- केंद्र सरकार ने गुजरात और जम्मू-कश्मीर में तीन नए AIIMS बनाने को दी मंज़ूरी; जम्मू के सांबा (विजय नगर), कश्मीर के पुलवामा (अवंतीपुर) और गुजरात के राजकोट में बनेंगे ये AIIMS; नए AIIMS में हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कोर्स, रेजीडेंशियल कॉम्पलेक्स बनाए जाएंगे; स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करना, मेडिकल शिक्षा और रिसर्च को बढ़ावा देना है AIIMS बनाने का उद्देश्य
- केंद्र सरकार देगी असम के 6 समुदायों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा; नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 को लेकर असम में हो रहे व्यापक विरोध के मद्देनज़र कोच राजभोगशी, ताइ- आहोम, चोटिया, मटक, मोरान एवं चाय बागान से जुड़े समुदायों को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में किया जाएगा शामिल; गृह मंत्रालय द्वारा गठित एक समिति की सिफारिश पर लिया गया है यह फैसला
- विश्व आर्थिक मंच की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक भारत होगा विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाज़ार; Future of Consumption in Fast-growth Consumer Market-India रिपोर्ट के अनुसार भारत में उपभोक्ता खर्च का स्तर वर्तमान 1.5 लाख करोड़ डॉलर से बढ़कर 2030 तक छह लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान; अमेरिका और चीन होंगे पहले और दूसरे स्थान पर
- लंबे समय से चले आ रहे विवादों को हल करने, क्षेत्र में शांति स्थापित करने तथा आपसी विश्वास बहाल करने हेतु ईरान ने खाड़ी क्षेत्र के लिये रखा नए फोरम का प्रस्ताव; नई दिल्ली में आयोजित चौथे रायसीना डायलॉग में ईरान के विदेश मंत्री जावेद ज़रीफ ने रखा यह प्रस्ताव; इस फोरम में वास्तविक मुद्दों को हल करने के लिये सामान्य सिद्धांतों के आधार पर देशों को सदस्यता देने की बात कही गई, जो क्षेत्र और दुनिया के लोगों को प्रभावित करते हैं
- केंद्र सरकार ने भारत में ईरान के बैंक को खोलने की दी मंज़ूरी; अगले तीन महीने में काम करना शुरू कर देगा ईरान का बैंक पसरगाद; भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में खुलने वाला यह पहला ईरानी बैंक होगा; इरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों का असर कम करने के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक ने ईरान के किसी एक बैंक को भारत में शाखा स्थापित करने की दी है इजाज़त
- करेंसी स्वैप यानी करेंसी अदला-बदली डील के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक ने सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका को 400 मिलियन डॉलर देने पर जताई सहमति; श्रीलंका के विदेशी मुद्रा भंडार को मिलेगी मज़बूती; रिज़र्व बैंक की त्वरित और सही समय पर दी गई सहायता से निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा; अपना विदेशी मुद्रा कोष उपयुक्त स्तर पर बनाए रखने में श्रीलंका को मदद मिलेगी; आयात, ऋण किस्तों का भुगतान और मुद्रा की विनिमय दर में अस्थिरता से बचने में भी मिलेगी मदद
- चीन ने बनाया अत्याधुनिक तकनीक से लैस नया रडार; भारत जितने बड़े भू-भाग की निगरानी करने में सक्षम है यह रडार; चीन के Over the Horizon कार्यक्रम का एक हिस्सा है यह रडार; मौजूदा रडार तकनीक की तुलना में दुश्मन के जलपोतों, विमानों और मिसाइलों को कहीं जल्दी पहचान लेता है यह रडार; चीन के विमानवाहक बेड़े के लिये किया गया है कॉम्पैक्ट आकार के इस रडार का विकास
- नासा ने फिर खोज निकाली एक और सुपर अर्थ: इस सुपर अर्थ को दिया गया है K2-288B नाम; पृथ्वी से दोगुना हो सकता है इसका आकार; अपने तारे के निवासी क्षेत्र में स्थित है यह सुपर अर्थ; समशीतोष्ण है इस सुपर अर्थ की कक्षा; पृथ्वी से 226 प्रकाश वर्ष दूर होने का अनुमान; इस सुपर अर्थ को वैज्ञानिकों ने फॉल्टन गैप कैटेगरी में रखा; फॉल्टन गैप को रेडियस वैली भी कहा जाता है
- हरियाणा के राखीगढ़ी में तीन साल पहले 40 कब्रों की खुदाई के दौरान एक कब्र में मिले थे दो कंकाल; तीन साल तक चले शोध के बाद कंकालों के 5000 साल पुराने होने का अनुमान; हड़प्पाकालीन टीलों को खोदने पर इनमें चित्रकारी किये हुए मिट्टी के बर्तन और मिट्टी की चूड़ियाँ, पत्थर के

मनके तथा मिट्टी के खिलौने एवं नर कंकाल, आभूषण बनाने की भट्ठी आदि मिले थे

- बिहार के कप्तान आशुतोष अमन ने गेंदबाजी में तोड़ा बिशन सिंह बेदी का 44 साल पुराना रिकॉर्ड; बाएँ हाथ के स्पिनर आशुतोष अमन ने रणजी ट्रॉफी के एक सत्र में अब तक 68 विकेट हासिल कर अपना नाम रिकार्ड बुक में दर्ज कराया; पूर्व भारतीय कप्तान बिशन सिंह बेदी ने दिल्ली की ओर से 1974-75 के सत्र में हासिल किये थे 64 विकेट

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-11-01-2019